## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 30.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ अभियान के तहत राज्यों को दिया स्पष्ट रोडमैप, एक जून से देशव्यापी खेत बचाओ अभियान होगा शुरू।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जलस्रोतों से अवैध कब्जा हटाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश, स्मार्ट सिटी, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज ट्रीटमेंट योजनाओं को समय पर पूरा करने के आदेश।
- राज्य में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रांची में पांच शातिर साइबर ठग और लातेहार में एक करोड़ की अवैध शराब के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार।
- राज्य के कई जिलों में गरज के साथ झमाझम बारिश, राजधानी रांची में दिन में छाया अंधेरा; पिछले 24 घंटे में वज्रपात से चार लोगों की मौत।
- रांची जिला शतरंज चैम्पियनशिप का हुआ भव्य उद्घाटन; सांसद महुआ माजी ने युवाओं से खेल से जुड़ने का किया आह्वान।

**********************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ खरीफ अभियान 2026 की बैठक में एक स्पष्ट कृषि रोडमैप जारी किया है। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अब किसान हित में तेज़ फैसलों का समय है। खेती में लापरवाही, नकली बीज और घटिया कीटनाशकों की बिक्री बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टीम इंडिया की भावना से बीज से बाजार तक की व्यवस्था दुरुस्त करने और 1 जून से शुरू होने वाले खेत बचाओ अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक में कड़ा रुख अपनाते हुए जलस्रोतों पर हुए अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाने और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने रांची स्मार्ट सिटी, पेयजल आपूर्ति और ट्रैफिक प्रबंधन जैसी जनहित की योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

**********************

कोडरमा जिले के अंगीभूत कॉलेजों का गिरिडीह के सर जेसी बोस विश्वविद्यालय में स्थानांतरण करने का मामला गरमा गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस फैसले को छात्र विरोधी और अव्यावहारिक बताते हुए राज्य सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है।

**********************

जामताड़ा में उपायुक्त सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी आलोक कुमार ने जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और गणना कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जामताड़ा जिले के निवासियों से इस राष्ट्रीय कार्य में आगे आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि सटीक जनगणना ही देश के विकास की असली आधारशिला है।

**********************

राज्य सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड से एक बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। टिनगिना पंचायत के रहने वाले पंकज नाग नामक व्यक्ति पर महिला बनकर फर्जी तरीके से योजना का लाभ लेने का आरोप लगा है। जलडेगा बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पंकज नाग और ऑनलाइन आवेदन भरने वाले प्रज्ञा केंद्र संचालक कुमार चाणक्य के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में रांची में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने के काम में तेजी लाने पर जोर दिया गया। गेल इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन रोड, बरियातू रोड, पीपी कंपाउंड और सिरमटोली चौक में पाइपलाइन का काम पूरा हो चुका है। अगले पांच–छह महीनों में रांची के लगभग एक लाख घरों तक पीएनजी गैस पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

*********************

रांची पुलिस ने एक अपार्टमेंट में छापेमारी कर पांच शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की, जहां यह गिरोह डिजिटल धोखाधड़ी का नेटवर्क चला रहा था। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि पुलिस अपराधियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि इनके बैंक खातों, वित्तीय लेनदेन और राज्यव्यापी नेटवर्क से जुड़े अन्य सहयोगियों का पता लगाया जा सके।

*********************

लातेहार में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ से अधिक की अवैध शराब जब्त की है। डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर चंदवा के ससंग मोड़ के पास नाकेबंदी की गई। तस्करों ने ट्रक में भूसे की आड़ में शराब छिपाई थी, जहां से पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

*********************

राज्य में अचानक आए मौसमी बदलाव के कारण गर्मी से राहत मिली है, लेकिन पिछले 24 घंटे में वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई। आज सुबह राजधानी में घने बादलों के कारण दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया और तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने रांची, धनबाद और बोकारो समेत कई जिलों में अगले चार दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*********************

राज्यसभा सांसद महुआ माजी, उपमहापौर नीरज कुमार और एफजेसीसीआई अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से रांची जिला शतरंज चौम्पियनशिप 2026 का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महुआ माजी ने शतरंज की बिसात पर पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि मानसिक विकास, धैर्य और रणनीतिक सोच को मजबूत करने का सबसे बेहतरीन माध्यम है।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्यसभा चुनाव के सिलसिले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू की मुलाकात की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रास चुनावः इंडिया गठबंधन दोनों सीटों पर उतारेगा प्रत्याशी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– रांची में 233 हेडमास्टर का वेतन स्थगित।

प्रभात खबर लिखता है– कार्यरत शिक्षकों को टेट पास करने के लिए एक साल का समय मिला।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– देश में जल्द दिख सकते हैं प्लास्टिक के नोट।

*********************